



# पटाखा व्यापारियों ने गौतम नगर थाने का किया घेराव

## पुलिस पर सामान जब्त करने का आरोप



नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 19 अक्टूबर. फुटकर पटाखा व्यापारियों ने गौतम नगर थाने का घेराव करते हुए रविवार को प्रदर्शन किया. थाने के बाहर व्यापारियों के प्रदर्शन करने से सड़क पर भी जाम लगा रहा. पटाखा व्यापारियों ने आरोप लगाया कि पुलिस वाले हमें बेवजह परेशान कर रहे हैं.**

लोगों का कहना है कि त्यौहार के समय में जब प्रशासन ने फुटकर व्यापारियों को दुकान लगाने की अनुमति दी है. ऐसे में स्थानीय पुलिसकर्मी फुटकर दुकानदारों को लगातार परेशान कर रहे हैं. व्यापारी कह रहे हम पर ही क्यों कार्रवाई की जाती है. मिली जानकारी के अनुसार नारियलखेड़ा इलाके में पटाखा बेचने वाले फुटपाथ दुकानदारों का सामान पुलिस ने जब्त कर लिया, दिवाली के समय पटाखा बेचकर अपने परिवार के साथ त्यौहार मनाने की चाहत रखने वाले इन दुकानदारों के अरमानों पर पानी फिर गया. सामान की जब्ती के बाद व्यापारियों ने गौतम नगर थाने के बाहर प्रदर्शन किया. इस मौके पर स्थानीय पार्षद मनोज राठौर भी व्यापारियों के समर्थन में आ गए और घंटों तक प्रदर्शन चलता रहा. राठौर ने पुलिस की कार्रवाई पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि अगर पुलिस कार्रवाई कर रही है तो पूरे शहर में यह कार्रवाई होनी चाहिए थी. एक ही इलाके में सामान बेचने वालों के साथ यह होना ठीक नहीं है. इस दौरान बड़ी संख्या में फुटकर व्यपारी एकजुट रहे.

# नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

## 17 वर्षीय किशोरी भोपाल में रहकर काम करती है

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 19 अक्टूबर. मिसरोद पुलिस ने एक नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की है. पुलिस ने केस दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बालाघाट जिले की रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी भोपाल में रहकर काम करती है.**

यही पर मोनू मरावी नाम का युवक भी काम करता है. इसी बीच दोनों की आपस में बातचीत भी होने लगी. आरोपी मोनू ने मौका पाकर एक अक्टूबर को किशोरी को बाहर लेकर चलने की बात कही. किशोरी भी घूमने की बात पर हामी भरते हुए उसके साथ चल थी. नाबालिग ने पुलिस को बताया कि शहर के गोविंदपुरा इलाके में आरोपी एक निर्माणाधीन स्कूल में उसे लेकर गया. जहां उसने उसके साथ दुष्कर्म किया. पीडिता ने पुलिस को बताया कि आरोपी इस दौरान लगातार दस दिनों तक उसे अलग-अलग स्थानों पर ले जाकर उसके साथ ज्यादती की.

पीड़िता ने जब आरोपी मोनू से शादी की बात की तो वह मुकर गया. पीड़िता का आरोप है कि मोनू उससे पीछे छुड़ाते हुए अपने रिश्तेदार के गांव सारंगपुर जिला राजगढ़ चला गया. आरोपी की जानकारी जुटाते हुए किशोरी भी जब जहां पहुंची तो आरोपी ने उसके साथ विवाद खड़ा किया. आरोपी की हरकतों से तंग आकर किशोरी ने स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराई. मिसरोद पुलिस ने डायरी मिलने पर कार्रवाई की है.

# 2,204 फर्जी सिम कार्ड जब्त

## 97 लाख से अधिक की राशि पीड़ितों को लौटाई

**भोपाल 19 अक्टूबर मध्यप्रदेश पुलिस ने साइबर अपराधों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए हाल ही में 22 लाख से अधिक की ठगी की राशि पीड़ितों को वापस कराई है. वहीं, ऑपरेशन फास्ट के तहत साइबर ठगी में प्रयुक्त 2,204 फर्जी मोबाइल सिम कार्ड जब्त किए गए हैं.**



पिछले माह भी पुलिस ने 97 लाख से अधिक की राशि पीड़ितों को लौटाई थी. पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा के निर्देशन में राज्य के विभिन्न जिलों की पुलिस टीमों ने साइबर ठगी प्रकरणों में तीव्र और तकनीकी कार्रवाई की. पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण, बैंकिंग समन्वय, ऑनलाइन ट्रेसिंग, सी-डैक प्लेटफॉर्म और साइबर क्राइम पोर्टल की सहायता से 22,34,162 की राशि पीड़ितों को वापस कराई. इनमें पन्ना जिले में 16,70,000, देवास में 3,28,962, शिवपुरी में 1,60,000, टीकमगढ़ में 44,700 और उज्जैन जिले में 30,500 की राशि शामिल है.

इन मामलों में ठगी की रकम साइबरवन एप सहित विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफॉर्मों के माध्यम से ट्रांजैक्ट की गई थी. पुलिस ने शीघ्र कार्रवाई करते हुए संबंधित बैंकों और एजेंसियों के सहयोग से राशि सुरक्षित वापस कराई. उल्लेखनीय है कि पिछले माह भी मध्यप्रदेश पुलिस ने ग्वालियर में 50 लाख, बालाघाट में ?40 लाख, देवास में 1.79 लाख और खरगोन में 5.59 लाख की राशि वापस कराई थी.

मध्यप्रदेश पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध लिंक, ऐप या कॉल के माध्यम से अपनी बैंकिंग जानकारी साझा न करें. साइबर ठगी की स्थिति में तुरंत.द्बठ्ठ पर शिकायत दर्ज करें या हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करें.

> मध्यप्रदेश पुलिस का यह सतत अभियान नागरिकों की आर्थिक सुरक्षा और डिजिटल विश्वास को सशक्त बनाने की दिशा में जारी रहेगा. इसी क्रम में ऑपरेशन फास्ट अभियान के तहत पुलिस ने साइबर अपराधों में उपयोग किए जाने वाले 2,204 फर्जी सिम कार्ड जब्त किए. इनमें छतरपुर से 1,220, अनूपपुर से 500, उज्जैन से 352 और कटनी से 132 सिम कार्ड शामिल हैं. इस अभियान का उद्देश्य साइबर फ्रॉड नेटवर्क की जड़ों तक पहुंचना और भविष्य में ऐसे अपराधों की रोकथाम करना है.

# पटाखा मार्केट में कार्बाइड पाइप गन की बिक्री पर कार्वाई

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 19 अक्टूबर. गोविंदपुरा इलाके के पटाखा मार्केट में कार्बाइड पाइप गन की बिक्री पर प्रशासन ने कार्रवाई की है. कुछ दुकानदारों को पाइप गन बेचते हुए पकड़े जाने पर जब्ती की गई.**


मिली जानकारी के अनुसार एसडीएम रवीश कुमार श्रीवास्तव को मामले की जानकारी मिली. श्रीवास्तव ने इसके लिए 4 जांच टीमें बनाते हुए मैदान में उतारा और कार्रवाई शुरू की गई. क्षेत्र के जंबूरी मैदान के अलावा आसपास के मार्केट में जांच टीम पहुंची और कार्रवाई की. जानकारी के अनुसार कल्पना नगर के पास एक व्यक्ति को पाइप गन बेचते हुए पकड़ा गया. दुकानदार पर की गई सख्ती से उसने जांच टीम की मदद करते हुए जानकारी भी साझा की. क्षेत्र के पटाखा मार्केट में लगातार दीपावली पर्व के मौके पर जांच की जाएगी. यहां पर कार्बाइड पाइप गन बेचने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई के निर्देश एसडीएम ने दिए हैं. गोविदपुरा क्षेत्र में जबूरी मैदान, आनंद नगर क्षेत्र में कार्रवाई के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है. करोंद कलां में जांच टीमें पहुंचकर निरीक्षण कर चुकी है. इसके साथ ही अन्य स्थानों पर लगातार पाइप गन की कार्रवाई की जाएगी.

# संवेदनशीलता की अनूठी मिसाल एमपी पुलिस

## मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में पुलिस की करुणा बनी चर्चा का विषय

**भोपाल, 19 अक्टूबर. राज्यभर में पुलिस बल ने न केवल कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखा, बल्कि संकट की हर घड़ी में जरूरतमंदों के जीवन और सम्मान की रक्षा कर समाज में एक सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत किया है.**

हाल ही में कार्यक्रम के दौरान इंसानियत और संवेदनशीलता का भावनात्मक दृश्य देखने को मिला. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के राजगढ़ प्रवास के दौरान किसानों को राहत राशि वितरण कार्यक्रम में पुलिस निरीक्षक भागीरथ शाक्य (पुलिस लाइन,



राजगढ़) ने मानवता की मिसाल पेश की. उन्होंने एक विकलांग व्यक्ति को गोद में उठाकर कुर्सी पर बैठाया, जिसका दृश्य देखकर उपस्थित जनसमूह ने पुलिस की संवेदनशील छवि की सराहना की.

> गुना में राष्ट्रीय राजमार्ग पर पलटे प्रोपेन गैस टैंकर के दौरान तत्काल कार्रवाई कर पुलिस ने संभावित बड़े हादसे को टाल दिया. चालक की जान बची, रिसाव नियंत्रित हुआ और यातायात शीघ्र बहाल किया गया—यह सतर्कता का श्रेष्ठ उदाहरण है. मैहर में नवरात्रि मेला ड्यूटी के दौरान पुलिस द्वारा सुरक्षा के साथ जनसेवा, सहायता और सौम्यता का जो परिचय दिया गया, उसने जन के रक्षक, जन के अपने की परिभाषा को सार्थक किया. विदिशा में एफआरवी टीम के कर्मियों ने आत्महत्या का प्रयास कर रहे युवक को धैर्य, समझाइश और सूझबूझ से सुरक्षित उतारा और परिवार को सौंपा.

छिंदवाड़ा में थाना बटकाखापा पुलिस ने जंगल में परित्यक्त नवजात शिशु को सुरक्षित बचाकर उसके माता-पिता को गिरफ्तार किया। यह कार्य पुलिस की मानवीय संवेदना और तत्परता का उत्कृष्ट प्रतीक है. इंदौर में 62 वर्षीय ब्रिटिश नागरिक क्रिस्टोफर पैरी के आकस्मिक निधन पर पुलिस ने परिजनों की अनुपस्थिति में पूर्ण सम्मान और संवेदनशीलता के साथ उनका अंतिम संस्कार कराया—यह न केवल विधि पालन का कार्य था, बल्कि गहरी मानवता की मिसाल भी.

# कर्मचारियों को नहीं मिला दीपावली के पूर्व वेतन

**भोपाल, 19 अक्टूबर. प्रदेश के शासकीय, अर्द्ध शासकीय विभागों में कार्यरत कर्मचारियों और श्रमिकों को दीपावली के पूर्व वेतन भुगतान नहीं हुआ है. वेतन नहीं मिलने से लाखों कर्मचारी, श्रमिक दीपावली उत्सव नहीं मना पा रहे हैं.**

मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि कई विभागों में कर्मचारी एवं श्रमिकों की लंबित वेतन भुगतान के प्रामाणिक विभागों ने कोषालय में लगा दिए हैं लेकिन, कोषालय के अधिकारियों एवं कर्मचारी की गलती के कारण प्रदेश के कर्मचारी एवं श्रमिकों को दीपावली के पूर्व वेतन भुगतान नहीं मिल पाया है. उन्होंने कहा कि कोषालय अधिकारियों से संगठन के पदाधिकारी के द्वारा संपर्क करने पर शौचालय के अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया है कि बिल जनरेट कर दिए गए हैं लेकिन, आरबीआई भुगतान प्रणाली शुरू नहीं कर रहा है. प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भारत सरकार और प्रदेश सरकार के स्पष्ट निर्देश हैं कि व्यवहार के पूर्व लंबित वेतन भुगतान भुगतान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए लेकिन, कोषालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के नकारात्मक रवैया के कारण कर्मचारी एवं श्रमिकों को उनके अधिकार प्राप्त नहीं हो पाए है.



## दीपावली के लिए जमकर खरीदारी

**भोपाल, 19 अक्टूबर.** रविवार को राजधानी के बाजारों में दीपावली की खरीदारी के लिए काफी भीड़ रही. पुराने शहर, न्यू मार्केट सहित सभी बाजारों में लोगों ने जमकर खरीदारी की. तस्वीर पुराने भोपाल के चौक बाजार की.

## घर में घुसी तेज रफ्तार में अनियंत्रित कार

**भोपाल.** शहर के करोंद क्षेत्र में रविवार को एक अनियंत्रित कार एक मकान का गेट तोड़ते हुए घुस गई. मकान मालिक ने मामले की सूचना तत्काल देते हुए शिकायत दर्ज कराई. मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के विश्वकर्मा नगर कालोनी फेस 2 में यह घटना देर शाम को घटी. कार वाहन चालक तेज गति कार चलाते नजर आ रहा था. इसी दौरान वह अनियंत्रित हो गया और संजय पिलाई के मकान का गेट तोड़ते हुए कार वहां घुसा दी. इस घटना के दौरान किसी भी व्यक्ति के घायल होने की जानकारी सामने नहीं आई. हादसे को देखते हुए लोगों ने तुरंत ही आरोपी कार चालक को पकड़ा.

# बच्ची को अगवा करने वाला आरोपी गिरफ्तार

## एकांत में की थी मारपीट और बैडटच

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 19 अक्टूबर. क्राइम ब्रांच और हबीबगंज थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 5 साल की नाबालिग बच्ची को अगवा करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है.**

रविवार को डीसीपी जोन 1 आशुतोष गुप्ता ने मीडिया को बताया कि पुलिस की पूछताछ में आरोपी अजीत राय उर्फ बाबू उम्र 38 साल निवासी श्याम नगर ने स्वीकार किया है कि वह गलत इरादे से बच्ची को अपने साथ लेकर गया था. आरोपी ने पुलिस को यह भी बताया कि उसने बच्ची के साथ मारपीट करते हुए बैडटच भी किया था. आरोपी को अब



कोर्ट में पेश किया जाएगा. बता दें कि शहर के 1100 क्वाटर्स हनुमान मंदिर क्षेत्र से 5 साल की नाबालिग बच्ची की गुमशुदगी की रिपोर्ट बच्ची के परिजनों ने पुलिस में की थी. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बच्ची को कुछ ही घंटों में तलाश लिया था.

> **मां भीख मांग कर बच्चों को पालती है**
>
> बच्ची की मां भीख मांग कर अपने बच्चों को पालती है. घटना के दिन भी हनुमान मंदिर के पास वह मांग रही थी. तभी शाम करीब 4.30 बजे अचानक उसकी छोटी बच्ची 5 वर्ष उम्र की खेलते खेलते क गायब हो गई. बच्ची की गुम होने से उसकी मां बहुत परेशानी और मामले की जानकारी पुलिस को दी गई.

**तैयारी** | पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने किया परेड का निरीक्षण

# पुलिस स्मृति दिवस के लिए हुई फाइनल रिहर्सल

**भोपाल,19 अक्टूबर. पुलिस स्मृति दिवस परेड की फुलड्रेस एवं फायनल रिहर्सल रविवार की सुबह यहाँ लाल परेड मैदान स्थित शहीद स्मारक प्रांगण में की गई. हर साल की तरह पुलिस स्मृति दिवस 21 अक्टूबर को प्रातः 9.50 बजे लाल परेड मैदान स्थित नवनिर्मित शहीद स्मारक प्रांगण में आयोजित होगा.**

पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने फुलड्रेस रिहर्सल परेड का निरीक्षण किया. साथ ही पुलिस स्मृति दिवस की अन्य व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया रविवार को पुलिस स्मृति दिवस के लिए हुई फुलड्रेस रिहर्सल के दौरान मुख्य



अतिथि की भूमिका प्रधान आरक्षक राजमणी सिंह ने निभाई. फायनल अभ्यास परेड का नेतृत्व भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी एसडीओपी सर्वप्रिय सिन्हा ने किया. परेड के टू-आई-सी राज्य पुलिस सेवा के प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक हेमंत पाण्डेय हैं. परेड में जिला बल एवं विशेष सशस्त्र बल की महिला प्लाटून, विशेष सशस्त्र बल की पुरूष प्लाटून, जिला पुलिस बल की पुरूष प्लाटून, होमगार्ड प्लाटून, पाल-बेयरर पार्टी, कलर पार्टी, रीथ पार्टी, पुलिस बैंड प्लाटून, अश्वरोही दल और श्वान दल की टुकड़ियाँ शामिल हैं. फुलड्रेस रिहर्सल के समय अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एसएएफ चंचल शेखर, पुलिस महानिरीक्षक अभय सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक ओ. पी. त्रिपाठी, कमांडेंट सातवीं वाहिनी हितेश चौधरी एवं अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद थे.

## मप्र पुलिस के 11 जवानों ने देश के लिए शहादत दी

लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स में 16 हजार फीट की ऊँचाई पर 21 अक्टूबर 1959 को सीआरपीएफ के जवानों की टुकड़ी, सब इन्सपेक्टर करम सिंह के नेतृत्व में गश्त कर रही थी तभी चीनी सेना के साथ मुठभेड़ में 10 जवान शहीद हो गये थे. उन्हीं की स्मृति में यह दिवस देश की समस्त पुलिस इकाईयों द्वारा मनाया जाता है. इस वर्ष मध्यप्रदेश पुलिस के 11 जवानों ने देश के लिए अपनी शहादत दी है.

# सारंग का सपा प्रमुख के बयान पर पलटवार

## कहा- अखिलेश को नाम बदलकर अंटोनी या अकबर कर लेना चाहिए

**भोपाल, 19 अक्टूबर. प्रदेश सरकार के मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव के दीपावली पर दीया जलाने को लेकर दिए विवादित बयान पर प्रतिक्रिया दी है.**

मंत्री सारंग ने कहा कि अखिलेश को अपना नाम बदलकर अंटोनी या अकबर कर लेना चाहिए. इस प्रकार का बयान अखिलेश नाम का व्यक्ति दे सकता है, यह आश्चर्य है. सांरग ने कहा कि सनातन का विरोध, हिन्दू मतावलंबियों का विरोध, का विरोध करते आये हैं, जिस परिवार ने कारसेवकों पर गोली चलवाई है, उनके पेट मे दर्द जरूर



होगा जब अयोध्या में रामलला के मंदिर में दीप प्रज्वलित होंगे. उन्होंने कहा कि दीप प्रज्वलित होना केवल बाती में अग्नि लगाना नहीं है, यह अंधियारे पर उजियारा लाने के संकल्प का प्रतीक है. हर पूजा से पहले दीप प्रज्वलित किया जाता है, दीप प्रज्वलित करना हमारी सनातन परंपरा का प्रमुख अंग है. मंत्री ने कहा कि क्या अखिलेश पूजा नहीं करते.

> इस प्रकार के बयान देना सनातन का विरोध के साथ ही छोटे कारीगरों पर कुठाराघात भी है. उन्होंने कहा कि छोटे कारीगर दीप बनाकर अपना जीविकोपार्जन करते है, अखिलेश का बयान उन पर भी कुठाराघात है. मंत्री ने कहा कि अखिलेश के परिवार ने क्या धर्म परिवर्तन कर लिया है क्या, क्योंकि सनातन का पालन करने वाला दीपक का विरोध करे यह आश्चर्यजनक है.